# प्रादेशिक समाचार
# आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

**दिनांकः 17.05.2025** **समय : 01:00 पी.एम.**

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज बीकानेर के प्रवास पर रहेंगे। वे आज शाम देशनोक में होने वाली तिरंगा यात्रा में शामिल होंगे। इससे पहले बीकानेर और पलाना गांव में स्थानीय कार्यक्रमों में भी भाग लेंगे। श्री शर्मा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 22 मई को बीकानेर में होने वाली आमसभा की तैयारियों का जायज़ा लेंगे। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री देशनोक से अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर में तैयार किये गये 100 से अधिक आधुनिक रेलवे स्टेशनों का वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण करेंगे। इस दौरान श्री मोदी आमजन को भी सम्बोधित करेंगें। उनका करणी माता मन्दिर जाने का भी कार्यक्रम है। प्रधानमंत्री नाल हवाई अड्डे पर जवानों से संवाद भी करेंगे।

0000

सहकारिता मंत्रालय के सचिव डॉ. आशीष कुमार भूटानी ने कहा कि राजस्थान में अन्न भण्डारण क्षमता बढ़ाने पर विशेष रूप से फोकस करते हुए नये गोदामों का निर्माण किया जाना चाहिए। वे कल जयपुर में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष–2025 और 'सहकार से समृद्धि' कार्यक्रम के तहत क्रियान्वित की जा रही पहलों की समीक्षा बैठक ले रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को अधिक उपभोग वाले क्षेत्रों में ज्यादा गोदाम बनाये जाने पर बल दिया, ताकि परिवहन पर लगने वाले खर्च में कमी हो सके। साथ ही, राज्य की सहकारी समितियों को राष्ट्रीय स्तर पर गठित की गई तीन नवीन सहकारी संस्थाओं का सदस्य बनने के लिए प्रेरित करने को भी कहा। बैठक में सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव मंजू राजपाल ने बताया कि राज्य में 500 मीट्रिक टन क्षमता के 100 गोदाम स्वीकृत किए गए हैं। जल्द ही इन नवनिर्मित अन्न भण्डारण गोदामों का उद्घाटन किया जायेगा।

00000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज कोटा शहर में विकास कार्यो का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को सड़कों और फुटपाथों पर से अतिक्रमण हटवाने और इन स्थानों पर सौंदर्यकरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर नागरिक को बेहतर सुविधाएं पंहुचाना सरकार का संकल्प है। वे आज दोपहर में ईटावा, खातोली क्षेत्र में 40 करोड़ की लागत के विकास कार्यो का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

00000

निर्वाचन विभाग ने राज्य में नगरीय निकायों, पंचायत समितियों, ग्राम पंचायतों और जिला परिषद के उपचुनावों का नया कार्यक्रम घोषित किया है। पंचायती राज संस्थाओं के लिए 20 मई और नगरीय निकायों के उपचुनाव की अधिसूचना 21 मई को जारी की जाएगी। जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड पंच और सरपंच के चुनाव के लिए नामांकन 20 मई से भरे जाएंगे और मतदान 8 जून को होगा। उपसरपंच के लिए मतदान 9 जून को कराया जायेगा। वहीं जिला प्रमुख और प्रधान के लिए 10 जून को वोट डाले जायेंगे। अध्यक्ष के लिए 16 जून को और उपाध्यक्ष के लिए 17 जून को मतदान होगा। गौरतलब है कि इससे पहले विभाग ने अप्रैल में उपचुनाव के लिए तारीखें घोषित की थी, लेकिन भारत पाकिस्तान के बीच तनाव के चलते आयोग ने चुनाव स्थगित कर दिए गए थे।

00000

झुंझुनू जिले के सुलताना क्षेत्र में कल एक सड़क हादसे में एक महिला सहित दो लोगों की मृत्यु हो गई। यह हादसा तेज रफ्तार कार के अनियंत्रित होकर पेड से टकरा जाने से हुआ। एक अन्य सड़क हादसे में जालौर की बिशनगढ़ रोड पर तेज रफ्तार जीप ने मोटरसाईकिल को टक्कर मार दी। दुर्घटना में मोटरसाईकल सवार दो युवको की मृत्यु हो गई। ये दोनो पहाडपुरा से जालौर जा रहे थे।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 मई को आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 122वीं कड़ी होगी। इसके लिए 23 मई तक श्रोता अपने सुझाव भेज सकते हैं। इन्हें टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 के माध्यम से दिया जा सकता है। वहीं नरेंद्र मोदी एप या माय जीओवी ओपन फोरम के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। ये कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित होगा।

0000

आज विश्व उच्च रक्तचाप दिवस है। आमजन को उच्च रक्तचाप और हृदय रोग से बचाव के प्रति जागरूक करने और इसकी समय पर जांच कराने के उद्देश्य से ये दिन मनाया जाता है। इस दिन विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के महत्व के बारे में भी बताया

जाता है। जैसलमेर में इस मौके पर एक महीने तक जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। इसमें वॉल पेन्टिंग, सेमिनार, नारा लेखन और नुक्कड नाटकों सहित विभिन्न माध्यमों से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जायेगा। पाली से हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां जिले में विभिन्न स्थानों पर स्क्रीनिंग शिविर के माध्यम से ब्लड प्रेशर, शुगर और हृदय से जुडी अन्य जांचे निशुल्क की जायेगी।

0000

आईपीएल क्रिकेट एक सप्ताह के बाद आज फिर शुरू हो रहा है। आज रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और कोलकाता नाइट राइडर्स आमने सामने होंगे। ये मैच बेंगलुरु में शाम साढे सात बजे से खेला जायेगा। गौरतलब है कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण 9 मई को आईपीएल प्रतियोगिता निलंबित कर दी गई थी।

0000